# हाईटेक एक्शन... जमीन पर गश्त, आसमान से निगरानी

- शहर में पुलिस चप्पे-चप्पे पर रख रही ड्रोन से नजर
- अपराधियों के लिए अब बचना नहीं होगा आसान



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस अब सिर्फ धरती पर ही नहीं, आसमान से भी नजर रख रही है. शहर में पुलिस की तकनीकी ताकत अब नए रूप में सामने आ रही है. जहां ड्रोन से निगरानी कर अपराधियों और नशेड़ियों को पकड़ने की मुहिम ने अपराध जगत में हलचल मचा दी है.

डीसीपी जोन-4 आनंद कलादगी के निर्देश पर पुलिस द्वारा ड्रोन के माध्यम से ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों पर नजर रखी जा रही है, जो पुलिस जवानों की पहुंच से दूर होते हैं या वहां तक जाना आसान नहीं होता. ऐसे स्पॉटों पर अपराधी प्रवृत्ति के लोग आसानी से असामाजिक गतिविधियों को अंजाम देते हैं.

ऐसे स्पॉटों को नशाखोरी का अड्डा भी बना लेते हैं. ऐसे ही अपराधियों की धरपकड़ के लिए अब पुलिस ने ड्रोन कैमरों से निगरानी अभियान शुरू किया है.

**लगातार जारी रहेगा ड्रोन से निगरानी अभियान-** थाना प्रभारी इंद्रमणी पटेल ने बताया कि ड्रोन निगरानी अभियान अब लगातार जारी रहेगा. ऐसे क्षेत्रों पर खास नजर रखी जा रही है, जहां पहले अपराधी छिपकर वारदात करते थे. पुलिस का नया फार्मूला, जमीन पर गश्त, आसमान से निगरानी के कारण अपराधियों के लिए अब छिपने की जगह तक नहीं बचेगी, पुलिस अब लगातार हाईटेक एक्शन से चप्पे चप्पे पर रखी जा रही है.

## पहले ही दिन ड्रोन से पुलिस को मिल गई सफलता

ड्रोन से निगरानी का पहला प्रयोग चंदन नगर थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी इंद्रमणी पटेल के नेतृत्व में शुरू किया गया. पुलिस के ड्रोन कैमरों से निगरानी अभियान का उद्देश्य है, मादक पदार्थों का सेवन करने वालों और इससे जुड़े किसी भी तरह के अपराधियों पर लगाम लगाना. यहां पर पुलिस ने ड्रोन उड़ाकर सिरपुर तालाब दरगाह के सामने ग्रीन पार्क मैदान के पीछे स्थित संदिग्ध स्थानों की लाइव मॉनिटरिंग की. निगरानी के दौरान ड्रोन कैमरे में कुछ संदिग्ध गतिविधियां कैद हुईं. पुलिस ने ड्रोन से सटीक लोकेशन लेकर तुरंत उन संदिग्ध लोगों की घेराबंदी की और मौके से तीन व्यक्तियों को पकड़ लिया. पूछताछ में सामने आया कि उनमें से एक 31 वर्षीय शुभम सालवी निवासी आदर्श कॉलोनी, इंद्रनगर, खुलेआम चिलम में गांजा भरकर पी रहा था. पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत केस दर्ज किया है.

# मध्यप्रदेश डबल इंजन की सरकार से विकास की ओर: विजयवर्गीय

## मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस पर लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ समारोह



नव भारत न्यूज

**इंदौर. मध्यप्रदेश पहले बहुत ज्यादा पिछड़ा राज्य था. आज देश में डबल इंजन की सरकार, प्रदेश में मुख्यमंत्री और तीसरा शहर में महापौर के इंजन से विकास तेजी हो रहा है. आज इंदौर को पहचान देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में है, शहर की जनता के सहयोग और भागीदारी से है. इसी तरह हम पर्यावरण के लिए काम कर रहे है और आने वाले समय में हरियाली में भी हम नंबर वन होंगे.**

यह बात प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के कार्यक्रम में कही. मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस पर प्रदेश सरकार ने राजेंद्र नगर स्थित लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में समारोह आयोजित किया. समारोह के मुख्य अतिथि नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय थे. विजयवर्गीय ने अपने संबोधन में उपस्थित स्कूली बच्चों से कुछ प्रश्न पूछे और उनके उत्तर मिलने पर कहा कि इनको अभिताभ बच्चन के कार्यक्रम में भेजना चाहिए. विजयवर्गीय ने बताया कि मध्यप्रदेश बहुत पिछड़ा प्रदेश था. आज हम 70वां स्थापना दिवस मना रहे हैं. प्रदेश के सड़कों की ऐसी हालत थी कि इंदौर से भोपाल जाने में 6 घंटे लगते थे. अब इंदौर से भोपाल एआईसीटीएसएल की बस 3 घंटे में पहुंचा देती है. प्रदेश में 2003 के पहले 7 हजार किलोमीटर सड़कें थी, अब 5 लाख किलोमीटर सड़कें है. यह डबल इंजन की सरकार देश का विकास है. प्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव दूसरा इंजन और इंदौर में तीसरा इंजन महापौर पुष्यमित्र भार्गव है. सरकार ने कोई भी काम की सिर्फ योजना नहीं बनाई, बल्कि लगातार उसको आगे भी बढ़ाया है.

**प्रति व्यक्ति आय बढ़ी-** मंत्री विजयवर्गीय ने बताया कि मैं 1990 में पहली बार विधायक बना था. उस समय प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय 11 हजार थी. आज प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 52 हजार है. इसी तरह प्रदेश में खेती का कुल रकबा सिर्फ 7 लाख हेक्टेयर भूमि पर होता था. आज प्रदेश में 45 लाख हेक्टेयर जमीन पर खेती हो रही है. 2003 तक प्रदेश में मेडिकल कॉलेज 5 थे और अब 26 मेडिकल कॉलेज हैं. यह डबल इंजन की सरकार है, जो विकास को सर्वोपरि मान कर चल रही है.

**स्कूली बच्चों को राम मंदिर की यात्रा करवाएं-** मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि हमारी सरकार ने राम मंदिर का निर्माण किया है। इसके लिए सैकड़ों लोगों ने कुर्बानी दी है. अपने संबोधन में स्कूली बच्चों से पूछा कि अयोध्या राम मंदिर कौन कौन गया है? इस पर बहुत कम हाथ उठे. विजयवर्गीय ने आश्चर्य से कहा कि ये तो सोचने वाली बात है. उन्होंने कलेक्टर शिवम वर्मा को कहा कि शहर के स्कूली बच्चों को अयोध्या की यात्रा करवाएं. इसके लिए हम भी मदद करने को तैयार हैं.

### बच्चों से पूछे सवाल

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि प्रदेश सरकार ने दो साल पहले महांकाल लोक निर्माण करवाया है. इसी प्रकार ओंकारेश्वर, चित्रकूट, मैहर वाली माता लोकसहित कई धार्मिक स्थल का विकास हो रहा है. उन्होंने बच्चों से पूछा कि कृष्ण की शिक्षा कहां हुई थी? बच्चों ने एक सुर में बताया कि कृष्ण ने उज्जैन में शिक्षा ग्रहण की, संदीपनी आश्रम में. उन्होंने कृष्ण को सुदर्शन चक्र किसने दिया था. इस पर बच्चे चुप हो गए, विजयवर्गीय ने बच्चों को बताया कि भगवान परशुराम ने दिया था और उनकी जन्मस्थली महू के जानापाव पहाड़ी पर है.

# नशे में लहराते हुए कॉलेज बस चला रहा था चालक

## पुलिस की सतर्कता से टली बड़ी दुर्घटना

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** एरोड्रम पुलिस ने छात्रों से भरी कॉलेज बस चला रहे शराब के नशे में धुत चालक को गिरफ्तार कर बस जब्त कर ली. समय रहते यदि पुलिस सतर्कता नहीं बरतती तो बड़ा हादसा हो सकता था. जिस तरह चालक बस लहराते हुए चल रहा था, उससे दुर्घटना हो सकती थी और दर्जनों बच्चों की जान को खतरा हो सकता था.




थाना प्रभारी वरुण सिंह भाटी ने बताया कि घटना शुक्रवार शाम करीब 6 बजे की है. पुलिस को सूचना मिली कि एयरपोर्ट रोड पर तेज रफ्तार और लहराती हुई कॉलेज बस नम्बर एमपी 41 पी 0629 जा रही है. सूचना पर एरोड्रम पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बिजासन टी प्वाइंट पर बस को रोका. जांच के दौरान बस में एनएमआईएमएस कॉलेज, इंदौर के छात्र बैठे मिले, जो चालक की हरकतों से भयभीत थे. पुलिस ने बस चालक की ब्रीथ एनालाइजर से जांच की तो वह शराब के नशे में पाया गया.

## एक नजर में

### स्कूटी सवार दो युवकों के पास से 1.25 किलो गांजा बरामद



इंदौर. द्वारकापुरी पुलिस ने देर रात कार्रवाई करते हुए दो युवकों को सवा किलो अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है. यह गांजा आरोपी स्कूटी से लेकर जा रहे थे. उप निरीक्षक आलोक मिठास ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ युवक फूटी कोठी चौराहा क्षेत्र में नशे का कारोबार कर रहे हैं. सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घेराबंदी कर प्रियांक यादव उम्र 23 साल निवासी 153-ए न्यू द्वारकापुरी और 24 वर्षीय राहुल चौरसिया निवासी महालक्ष्मी परिसर के पीछे द्वारकापुरी को पकड़ा. तलाशी में उनके पास से 1 किलो 250 ग्राम गांजा, जिसकी कीमत करीब साढ़े 12 हजार रुपए बरामद किया. पुलिस ने स्कूटी एमपी 09 डीडब्ल्यू 0238 को भी जब्ती में लेकर दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है. आरोपियों से पूछताछ कर पुलिस नशे के नेटवर्क की जांच कर रही है.

### पांच वाहन से 3.70 लाख की अवैध शराब जब्त



इंदौर. आबकारी विभाग ने अलग-अलग स्थानों से पांच आरोपियों को पांच वाहनों से अवैध शराब ले जाते हुए पकड़ा. जब्त की गई शराब की कीमत 3 लाख 70 हजार से अधिक बताई गई है. सहायक आयुक्त अभिषेक तिवारी ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा जिलेभर में अवैध शराब परिवहन के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है. इसके तहत पांच दोपहिया वाहनों से शराब परिवहन करते पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई इंदौर जिले में अवैध शराब कारोबार पर रोक लगाने की दिशा में एक सख्त संदेश है. उन्होंने कहा कि ऐसे कारोबारियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा. उन्होंने जनता से अपील की है कि अवैध गतिविधियों की सूचना विभाग को दें.

### चाकू मारकर बदमाश ने एक को किया घायल, तीन चाकू सहित धराए

इंदौर. शहर में चाकूबाजी और अवैध हथियार रखने के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं. बीते 24 घंटे में पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए तीन प्रकरण दर्ज किए हैं. एक व्यक्ति चाकूबाजी में घायल हुआ. जबकि, दो आरोपियों को अवैध चाकू के साथ पकड़ा है. एमजी रोड थाना क्षेत्र में देर रात उषा फाटक निवासी 47 वर्षीय आसिफ राजा खान पर नयापुरा मेन रोड स्थित एसएस डायपर पॉइंट के पास दो युवकों ने हमला कर दिया. आरोप है कि कफील और गुड्डू अड्डारिया, दोनों नयापुरा निवासी ने आसिफ से विवाद के दौरान गाली-गलौज की और कफील ने चाकू से वार कर उसके बाएं हाथ में चोट पहुंचाई. जाते-जाते दोनों ने जान से मारने की धमकी दी. पुलिस ने दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. वहीं लसूड़िया पुलिस ने बजरंग नगर काकड़ एसआर कम्पाउंड क्षेत्र से 28 वर्षीय लक्की कुशवाह निवासी देवनगर चौराहा को गिरफ्तार किया. पुलिस टीम को उसके पास से एक धारदार खटकेदार चाकू मिला. इसी तरह तुकोगंज थाना क्षेत्र में आरएस भंडारी मार्ग स्थित शास्त्री उद्यान महादेव मंदिर के पास से पुलिस ने 17 वर्षीय किशोर को पकड़ा. तलाशी में उसकी जेब से स्टील का खटकेदार चाकू मिला. सभी मामलों में पुलिस जांच कर रही है.

### घर में घुसकर की गाली-गलौज और मारपीट

इंदौर. तिलक नगर थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ उसके परिचित युवक ने घर में घुसकर गाली-गलौज और मारपीट की. महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है. 23 वर्षीय वर्षा सोलंकी निवासी तिलक नगर, मूल निवासी बड़गांव (जिला बड़वानी), ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह घर पर अकेली थी. इसी दौरान शुभम निराले, निवासी ग्राम अभाली, जिला बड़वानी, उसके घर पहुंचा और पुरानी बात को लेकर विवाद करने लगा. विवाद बढ़ने पर शुभम ने घर में घुसकर महिला को गालियां दीं और गला पकड़कर थप्पड़ों से मारपीट की, जिससे उसके गाल और गले पर चोट आई. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# 32 गुंडे, 30 चाकूबाज और 32 बदमाशों पर कसा शिकंजा

## अपराधों पर नियंत्रण के लिए पुलिस ने निकाली जागरूकता रैली, किए जनसंवाद

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** पुलिस उपायुक्त जोन-2 क्षेत्र में अपराधों पर नियंत्रण के लिए जागरूकता रैली, मोहल्ला मीटिंग और जनसंवाद किए जा रहे हैं. वहीं, एक माह में पुलिस ने 32 गुंडों 30 चाकूबाजों के साथ 32 बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की. जिससे अपराधियों में हड़कंप मच गया है.




डीसीपी कुमार प्रतीक के निर्देशन में असामाजिक तत्वों और संदिग्धों पर निगरानी के लिए जोन-2 में विशेष चेकिंग अभियान चलाया. अभियान में एक माह के दौरान 32 गुंडा, 30 चाकूबाज और 22 निगरानी बदमाशों की चेकिंग की गई. 49 संदिग्धों को थानों पर बुलाकर पूछताछ की गई, जिनमें से 23 के खिलाफ कार्रवाई हुई. वहीं, धारा 170 बीएनएसएस के तहत 15 प्रकरण दर्ज किए गए. चिन्हित गुंडों और चाकूबाजों पर भी कार्रवाई हुई. इसके साथ ही 44 हॉटस्पॉट, 35 शेडो एरिया और 17 मल्टी बिल्डिंग की जांच की गई. इस दौरान पांच स्थाई और 13 गिरफ्तारी वारंट भी तामील किए गए. जबकि, ट्रैफिक और नशे के खिलाफ कार्रवाई में 37 वाहनों को जब्त कर 185 एमवी एक्ट के तहत जुर्माना लगाया. बिना नंबर और तीन सवारी चलाने जैसे उल्लंघन पर 32 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई हुई. सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने पर तीन और नशे में पकड़े गए छह लोगों पर कानूनी कार्रवाई की गई.

### मोहल्ला मीटिंग में एकता और अखंडता की शपथ दिलाई

डीसीपी कुमार प्रतीक के निर्देश पर जोन-2 के सभी थाना क्षेत्रों में शाम को मोहल्ला समिति की बैठकें और जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए. खजराना क्षेत्र के जमजम चौराहे पर डीसीपी कुमार प्रतीक की मौजूदगी में हुए जनसंवाद में पार्षदों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया. शिकायत पेटी व्यवस्था पर चर्चा की गई और एलईडी स्क्रीन से राष्ट्रीय एकता दिवस का संदेश प्रसारित किया. खिजराबाद चौराहा, गोया कट और दरगाह रोड तक रैली निकाली गई. वहीं, एमआईजी क्षेत्र में एडीसीपी अमरेंद्र सिंह और थाना प्रभारी सीबी सिंह की मौजूदगी में नेहरू नगर गली नंबर 1 पर मोहल्ला समिति की बैठक रखी गई. इसमें मातृशक्ति और नागरिकों की मौजूदगी में देश की एकता और अखंडता की शपथ दिलाई गई. एलईडी स्क्रीन पर शॉर्ट फिल्म दिखाई गई और इसके बाद प्रमुख मार्गों से पैदल मार्च निकाला. इसी तरह विजय नगर, लसूड़िया, कनाड़िया, तिलक नगर और परदेशीपुरा थानों में भी रैली और जनसंवाद हुए. पुलिस अधिकारियों ने लोगों से कहा कि अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस और समाज की साझेदारी जरूरी है. डीसीपी जोन-2 कुमार प्रतीक, एडीसीपी जोन-2 अमरेंद्र सिंह, एसीपी कुंदन मंडलोई, टीआई सीबी सिंह, आरडी कानवा, डॉ. सहर्ष यादव, मनोज सेंधव, तारेश सोनी, नीतू सिंह और मनीष लोधा सहित समस्त थाना बल मौजूद रहा.




# पुलिस ने दिया पेड़ों की तरह एकजुट रहने का संदेश

## एकता पौधारोपण किया

**इंदौर.** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा डीआरपी लाइन परिसर में 'एकता वृक्षारोपण' कार्यक्रम आयोजित हुआ. कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह की विशेष उपस्थिति रही. अति पुलिस आयुक्त अमित कुमार सिंह, सभी पुलिस उपायुक्त, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे. सभी ने मिलकर पौधारोपण कर एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश दिया. वृक्षारोपण के दौरान पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने कहा कि पेड़ हमें एकता और अखंडता का सच्चा संदेश देते हैं. जिस तरह जड़, तना, शाखाएं और पत्तियां मिलकर एक सशक्त वृक्ष बनाते हैं, उसी प्रकार संगठित रहकर हम एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं. उन्होंने सभी को पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने और सामूहिक एकता की भावना को मजबूत करने का आह्वान भी किया.

# एक बुजुर्ग सहित तीन घायल, कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त

## तेज रफ्तार और लापरवाही से हुए तीन सड़क हादसे

**इंदौर.** शहर में लापरवाह वाहन चालकों की रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रही. अलग-अलग थाना क्षेत्रों में तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने के परिणामस्वरूप जहां एक बुजुर्ग घायल हो गया, वहीं एक कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई.

पुलिस के अनुसार, थाना राऊ क्षेत्र में एबी रोड स्थित मुक्ति धाम के सामने देर रात करीब साढ़े आठ बजे बस नम्बर एमपी 09 डीएम 0338 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक बस दौड़ाते हुए 60 वर्षीय अनवर मंसूरी को टक्कर मार दी. हादसे में अनवर मंसूरी के सिर में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा. वहीं, एरोड्रम थाना क्षेत्र में एयरपोर्ट रोड स्थित बीएसएफ पानी की टंकी के पास एक अज्ञात वाहन चालक ने 48 वर्षीय बंटी सैनी को टक्कर मारकर घायल कर दिया. हादसा देर रात करीब साढ़े तीन बजे का बताया गया है. जबकि लसूड़िया थाना क्षेत्र में संगम प्राइड के सामने मेन रोड पर ट्रक नंबर आरजे 11 जीबी 7832 के चालक ने तेज गति से वाहन चलाते हुए 46 वर्षीय मेघराज सिंह भदौरिया की कार को दाहिनी ओर से टक्कर मार दी. ट्रक चालक कार को घसीटते हुए आगे तक ले गया,

# नो एंट्री में घुसे 41 भारी वाहनों से दो लाख जुर्माना वसूला

इंदौर. शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाए रखने के लिए पुलिस ने नियम तोड़ने वालों पर सख्ती जारी रखी है. विशेष अभियान चलाते हुए पुलिस ने पिछले दो दिनों में नो एंट्री क्षेत्र में घुसने वाले भारी वाहनों के 41 चालकों पर कार्रवाई की है. 30 अक्टूबर की सुबह से लेकर 1 नवंबर की सुबह तक की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने इन वाहनों के चालकों से 2 लाख रुपए का जुर्माना वसूलकर शासन के खाते में जमा कराया. साथ ही, वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी गई कि वे प्रशासन द्वारा निर्धारित नो एंट्री समय और मार्गों का पालन करें, अन्यथा आगे और कठोर कार्रवाई की जाएगी.

**लापरवाही** ▶ शहर की कई बस्तियों में कचरा गाड़ी से एक बार उठाने के बाद दोबारा लग जाते हैं कचरे के ढेर

# स्वच्छता को लेकर ठंडा पड़ने लगा लोगों में जुनून और उत्साह



**इंदौर. शहर को स्वच्छता में देश में नंबर वन बनाने के लिए जिस तरह से पूर्व में लोगों में उत्साह और जुनून देखा जा रहा था, वह अब धीरे-धीरे कम होता जा रहा है. स्वच्छता को लेकर अब लोग फिर लापरवाही बरतने लगे हैं. शहर के ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां पर कचरा गाड़ी से उठाने के बाद दोबारा कचरे का ढेर दिखाई देने लगा है. ऐसे में नगर निगम को कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है,**



**ताकि लोगों की इस तरह की लापरवाही पर अंकुश लगाया जा सके.**

शहर के वार्ड-47 में हाल ही में एक ऐसा मामला सामने आया. साथ ही इसी क्षेत्र से लगे वार्ड 46 में भी कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला. वार्ड 46 अंतर्गत आने वाले पंचम की फेल क्षेत्र में रहवासियों द्वारा कचरा फेंकने की शिकायत मिली है. इसी के साथ में सफाई कर्मी की भी करतूत सामने आई है. बताया जाता है कि घरों के बीच बनी गली के मुहाने पर क्षेत्र के कुछ रहवासी अल सुबह कचरे की थेलियां पटक जाते हैं. इतना ही नहीं क्षेत्र में आने वाले सफाई कर्मी भी मोहल्ले का कचरा थैली में भरकर गली के मुहाने पर रख जाते हैं. यह कचरा वहां दिन भर रखे रहता है, जिस पर से बदबू आती रहती है और मक्खी-मच्छर भिनभिनाते रहते हैं. जो कई तरह की बीमारियों को आमंत्रण देते हैं. जिन लोगों के घरों के पास में यह कचरा पड़ा रहता है, उन्होंने अपने घरों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगवा रखे हैं, जिसके फुटेज क्षेत्र के दरोगा को भी दिखाए गए, लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं होती.

### यह बोले रहवासी...



सुबह देखने में मिलता है कि घर के पास ही कचरे की ढेर सारी बोरियां और थैली पड़ी होती हैं. इनकी संख्या आए दिन बढ़ती जा रहा है. कई बार हमने लोगों को समझाइश दी, लेकिन वे झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं. कई बार झगड़ा भी हो चुका है.

**- राजा रमनवाल**

क्षेत्र में सफाई बराबर होती है, लेकिन सडक् किनारे जगह-जगह कचरा इकट्ठा कर दिया जाता है, जिससे गंदगी होती है, जो लोगों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव डालती है. दिन भर दुर्गंध भी फैलती रहती है.



**- सुरेश शर्मा**

इस स्थान को लोगों ने कचरा प्लांट बना दिया है, जिसे देखो वो कचरा पटक जाता है. दरोगा और पार्षद को भी शिकायत कर दी. एक-दो दिन बाद फिर लोग कचरा डालना शुरू कर देते हैं. पता नहीं इस समस्या से कब निजात मिलेगी.



**- राजकुमार रमनवाल**

#### लोगों को करेंगे जागरूक-



जहां कचरा वाहन नहीं पहुंच पाता वहां हम कोशिश करेंगे कि हाथ गाड़ी पहुंचाई जाए. लोगों को जागरूक करेंगे कि वह खुले में कचरा न फेंके, अगर वहां फिर भी नहीं मानते हैं तो सख्ती से चालानी कार्रवाई की जाएगी.

**- सैफु कुशवाह, पार्षद**